पहली बरसात ने नगर निगम व स्मार्ट सिटी के कार्यों की खोली पोल

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर स्मार्ट सिटी के नाम से भी जाना पहचाना जाता है तो वही विश्व पटल पर अजमेर ने धार्मिक नगरी के नाम से भी अपनी पहचान बना रखी है, लेकिन स्मार्ट सिटी किसे कहते है यह तो आप भी जानते है, लेकिन आप जैसे ही अजमेर शहर मे प्रवेश करेगें तो आप स्मार्ट सिटी की हकीकत से रू-ब-रू हो जाएंगे।

वर्ष 2023 में आए बिपरजॉय तूफान व मूसलाधार बरसात ने पूरे शहर को जलमग्न कर दिया था, लेकिन उसके बाद प्रशासन के आला अधिकारियों ने शहर के दौरे किए और कई इलाकों के नालो व नालियों को सुधारने एवं पानी की निकासी के लिए नगर निगम व स्मार्ट सिटी के बंद कमरों में डीपीआर तैयार हुई, कई नालों को तोडकर कार्य चालू हुए, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद अजमेर के शहर के कई नालों का न तो निर्माण कार्य पूरा हुआ और न ही साफ-सफाई, यह हम नही कह रहे, यह शहर के लोगों का कहना है।

जून माह के अंत में गुरूवार रात हुई पहली बारसात ने नगर निगम व अजमेर स्मार्ट सिटी के तहत शहर मे भरने वाले बरसाती पानी की रोकथाम के लिए करवाए गए नाले निर्माण व साफ-सफाई के कार्य को पोल खोलकर रख दी है और बीती रात बरसात के दौरान शहर के स्टेशन रोड, कचहरी रोड, जयपुर रोड, रामगंज, मार्टिण्डल ब्रिज के नीचे ब्यावर रोड समेत कई मार्गों पर पानी भरने से रात को ट्रैफिक रेंगते हुए आगे बढ़ा। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नालों का गंदा पानी सड़कों पर आ गया, तो नाले गंदगी से अटे पडे है तो वही शहर की नीचली बस्तियां भी बरसात से अछुती नही रही है।

अधूरा पडा नाला निर्माण कार्य हादसो को न्यौता देते हुए।

■ **अजमेर शहर की टूटी सड़कों व खुले नालों से आपका सफर जोखिम भरा भी हो सकता है, सफर करे तो आपकी जिम्मेदारी पर!**

खुले नाले मे गिरने से युवक की हुई मौत- गत दिनो कचहरी रोड पर बने नाले मे एक युवक के गिरने से उसकी मौत हो गई। लोगो की सूचना पर मौके पहुंची कोतवाली थाना पुलिस व नगर निगम के अधिकारियो ने जेसीबी की मदद से युवक के शव को बाहर निकलाया गया, हादसे के बाद भी नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियो ने कोई सबक नही लिया और आज भी कचहरी रोड पर नाला कई जगहो पर खुला पडा है, जो हादसो को न्यौता दे रहे है।

बैठक आयोजित

अजमेर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेन्द्र कुमार ढाबी द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति पुष्कर में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों एवं सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक ली गई।

बैठक में सचिव ने न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्तागंण आदि को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत पक्षकारों को तीव्र न्याय दिलाने एवं विवादों के स्थायी निराकरण के लिए उपयुक्त माध्यम है। लोक अदालत के माध्यम से छोटे-छोटे विवादों को बढ़ने से रोकने के लिए समय पर सुलझाया जा सकता है। साथ ही सभी अधिवक्तागण को लोक अदालत में समझाइश एवं पक्षकारों द्वारा प्रकरणों के राजीनामा से निस्तारण के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया। विशेष रूप से चिह्नित एनआईएक्ट के प्रकरणों में जारी किये गये नोटिसों को शत-प्रतिशत तामील करवाकर काउन्सलिग की जाए। इससे अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण लोक अदालत में हो सके।

बैठक में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति राकेश कुमार, तालुका सचिव कोमल कंवर, बार संघ अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाराशर, बार संघ उपाध्यक्ष मुकेश सुनारिवाल व वरिष्ट अधिवक्ता कुलदीप पाराशर, एस.के. चौधरी आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पुजारी की लोकसभा अध्यक्ष से भेंट

आसींद, (निसं)। शुक्रवार को भगवान देवनारायण जन्म स्थल मालासेरी डूंगरी मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल की दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर पुजारी पोसवाल द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान पुजारी पोसवाल का लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चांदी का कड़ा पहनाकर स्वागत किया। पुजारी पोसवाल की ओम बिरला से इस अभिनंदन मुलाकात के दौरान राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी उपस्थित रहे। दिल्ली में हुई इस मुलाकात के दौरान मालासेरी डूंगरी विकास कॉरिडोर के विस्तृत एवं सौंदर्यकरण को लेकर भी चर्चाएं हुई। साथ ही वन पर्यावरण मंत्री कैबिनेट भूपेंद्र यादव के पुनः कैबिनेट मंत्री बनने पर पुजारी पोसवाल द्वारा अभिनंदन मुलाकात की गई।

नाबालिग को फुसला कर ले गया युवक

अजमेर, (कासं)। सराना थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव से 17 वर्षीय नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आया है। पीडित् पिता ने गांव के एक युवक पर बहलाफुसला कर भगा कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीडित् पिता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पीडित् पिता ने कहा कि नाबालिग अपने चाचा के साथ खरीददारी करने पास के ही गांव में गए थी, उसके बाद से ही गायब हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सराना थाने के उपनिरीक्षक व जांच अधिकारी जगदीश प्रसाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव गुदलिया (टाटोटी) निवासी पीडित् पिता ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए नाबालिग बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दई रिपोर्ट में पीडित् पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी चचेरे भाई के साथ पास के गांव टांटोटी कपड़े व घरेलू सामान खरीदने के लिए गई थी। चचेरे भाई को बाजार से सामान लेने की बात कहकर निकली और वापस नहीं लौटी। पीडित् पिता ने बताया कि नाबालिग पुत्री घर से चांदी की 500 ग्राम कनकती व 250 ग्राम के पायजेब, सोने का बोर व मंगल सूत्र भी पहन कर गई। उन्होंने गांव के एक युवक मुकेश भील पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद को सौंपी है। पुलिस नाबालिग की तलाश में जुटी है।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 जून को

भीलवाड़ा, (निसं)। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 जून को प्रदेश के सभी जिलों में मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त लगभग 20 हजार अभ्यर्थियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान इन्हें वेलकम किट दी जाएगी। रोजगार विभाग के उपनिदेशक मुकेश गुर्जर ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम महाराणा प्रताप सभागार भवन टाउनहॉल में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिले के 477 लाभार्थियों को दूरभाष, ई-मेल व एसएमएस के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। इसे वर्चुअल माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर नमित मेहता ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए है। युवाओं के बैठने, पेयजल, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, कार्यक्रम स्थल पर वीडियो वॉल लगाने सहित सभी कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समय पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

आलोक अग्रवाल ने संभाला कार्यभार

अजमेर, (कासं)। भारतीय रेल की भंडार सेवा के 1991 बैच के वरिष्ठ अधिकारी आलोक अग्रवाल ने आज मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक अजमेर का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान मंडल लेकर प्रबंधक राजीव धनखड़ से यह पदभार ग्रहण किया। रेलवे बोर्ड के आदेश अनुसार आलोक अग्रवाल अपने वर्तमान पद मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे के अलावा मंडल रेल प्रबंधक अजमेर का कार्य भी देखेंगे। मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल को 32 वर्ष की रेल सेवा का लंबा अनुभव है। पूर्व में इनके द्वारा अपर मंडल रेल प्रबंधक कोटा तथा मंडल रेल प्रबंधक समस्तीपुर के पद पर भी कार्य किया गया है।

संवाद 29 जून को

अजमेर, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि शनिवार 29 जून को जवाहर रंगमंच में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअली जुड़कर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त युवाओं से संवाद करेंगे। अजमेर जिले के 450 नवनियुक्त युवा वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे।

जनसुनवाई में विधायक ने दी अधिकारियों को सख्त हिदायतें

सरवाड़, (निसं)। सरवाड पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधायक शत्रुघ्न गौतम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्य उद्देश्य समय पर काम करने और आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना था विधायक गौतम ने विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर भगवानपुरा के सचिव को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें नियमित रूप से पंचायत में बैठने के निर्देश दिए उन्होंने सभी गांवों में बरसात के मौसम में नालों की सफाई कार्य को नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए भाटोलाव ग्राम के विकास अधिकारी के पंचायत मुख्यालय पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं होने और कार्य में लापरवाही बरतने पर विधायक गौतम ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर तहसीलदार रणछोड़ लाल विकास अधिकारी त्रिलोकराम दहिया, सरवाड थाना प्रभारी सत्यवान मीणा सराणा थाना प्रभारी विजय मीणा सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे विधायक गौतम ने सड़क, बिजली, पानी आदि की समस्याओं को सुनकर व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए वहीं पंचायत समिति की 26 ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा व अधिकारियों ने उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

अजमेर नाट्योत्सव 29 एवं 30 जून को

अजमेर, (कासं)। अजमेर नाट्योत्सव के अन्तर्गत शनिवार तथा रविवार को विभिन्न नाटकों का मंचन किया जाएगा। आधुनिक नाट्य कला संस्थान के सचिव लाखन सिंह ने बताया कि दो दिवसीय बाल एवं युवा नाट्य समारोह अजमेर नाट्योत्सव 29 तथा 30 जून को होगा।

यह नाट्योत्सव सूचना केन्द्र में रखा गया है। नाटक मंचन प्रतिदिन सायं 6.30 बजे होगा। शनिवार को लघु बाल नाटक कुक्डूकू तथा सामाजिक हास्य प्रस्तुति नाटक में नाटक पश्चाताप मंचित होंगे। इसी तरह रविवार को लघु नाटक बीवी का किडनैप तथा राजस्थानी हास्य नाटक भेळी बात प्रस्तुत होंगे। भेळी बात नाद संस्था जयपुर की प्रस्तुति है। नाट्योत्सव की अध्यक्षता डॉ. हरबंस सिंह दुआ तथा संयोजन नरेन्द्र भारद्वाज का है।

अजयमेरू खेल महाकुंभ के लिए नीरज जैन ने ली बैठक

अजमेर, (कासं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान अजयमेरू खेल महाकुंभ 2024 के आयोजन के तैयारियों के लिए बैठक उप महापौर नीरज जैन ने इंडोर स्टेडियम में ली गई। उप महापौर द्वारा उद्घघाटन समारोह की सभी व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया, बैठक में क्रीड़ा भारती एवं सभी 19 खेलो के खेल विशेषज्ञ एवम पार्षद गण शामिल हुए। बैठक में नीरज जैन द्वारा सभी खेल प्रभारियों को तैयारी हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए गए एवम सभी से आयोजन को बेहतर बनाने के लिए चर्चा की गई। खिलाड़ियों के ऑनलाइन एवम ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सूची संकलित की गई। जो खेल 30 जुलाई को आयोजित होंगे उसके ड्राज 29 जुलाई को डालने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का भव्य उद्घघाटन समारोह 30 जुलाई को शाम 6 बजे पटेल स्टेडियम में किया जाना तय किया गया, 30 को ही 19 में से 5 खेल योगासन, बैडमिंटन, वाली बॉल, शूटिंग और फुटबॉल की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उपमहापौर में बैठक के बाद सभी मैदानों का निरीक्षण किया एवम तैयारियों के लिए उचित दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, पार्षद श्रवण कुमार, देवेंद्र सिंह, पृथ्वी सिंह, लक्ष्मी बुन्देल के साथ अमित टाक, विक्रम तम्बोली उपस्थित रहे।

तैयारियों के लिए बैठक उप महापौर ने इंडोर स्टेडियम में ली।

प्रीमियर लीग का आयोजन आज

अजमेर, (कासं)। आजादी के आन्दोलन में शहीद हुए जीनगर समाज के बीरबल सिंह दालिया की स्मृति में जीनगर समाज द्वारा शनिवार को एक दिवसीय जीनगर प्रीमियर लीग बाक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पांच टीमे जीनगर सीनियर स्टार, जीनगर क्रिकेट क्लब, जीनगर सुपरकिंगस, जीनगर रॉयल वारियर्स एवं जीनगर राइसिंग स्टारस भाग ले रही है। ये सभी टीमे आईपीएल की तर्ज पर बाक्स क्रिकेट ग्राउण्ट मर्णिकर्णिका पैलेस पुष्कर रोड़ पर खेलेगी।

जीनगर प्रीमियर लीग की मुख्य विशेषता है कि समाज के बन्धु इस लीग में, दादा-पोते के साथ, नाना-नाती के साथ, मामा भान्जे के साथ, ससुर अपने जवांई के साथ मैच खेलेंगे। महिलाएं इनका उत्साह वर्धन करेगी। इसमें मुख्य अतिथि राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व अध्यक्ष अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल व समाज के प्रमुख प्रबुद्वजन रहेंगे।

सरवाड़ नगर पालिका में लाखों का घोटाला

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ नगर पालिका में लाखों रुपए के घपले का मामला सामने आया है। ठेकेदार के नाम से जारी किए गए लाखों रुपए किसी ओर के अकाउंट में जमा कराकर ये गड़बड़झाला किया गया है फिलहाल दो मामले सामने आए है, जिनका भुगतान करीब 20 लाख रुपए से ज्यादा है बताया जाता है कि एक अकाउंट नगर पालिका के कनिष्ठ लिपिक के नाम का है जिस ठेकेदार के नाम से भुगतान जारी हुआ उससे बात की तो उसका कहना रहा कि उसे कोई भुगतान जारी नहीं हुआ, ठेकेदार के नाम से जारी हुआ भुगतान नगर पालिका की ओर से भुगतान सफाई ठेका व भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार की फर्म विनायक एन्टरप्राइजेज के नाम से जारी किए गए है। ये दोनों भुगतान अलग अलग बैंक अकाउंट में जमा हुए है।

पहला भुगतान 5 फरवरी को जारी हुआ, जो 9 लाख 13 हजार 629 रुपए का था, दूसरा भुगतान 9 फरवरी को जारी हुआ, जो 11 लाख 32 हजार 709 रुपए का है। इन दोनों भुगतान के ऑर्डर पर नगर पालिका चेयरमेन छगनकंवर व ईओ राघवसिंह के हस्ताक्षर हैकोई भुगतान नहीं हुआ विनायक एन्टरप्राइजेज के प्रो. गोविन्द शर्मा ने कहा कि उन्हें भी आज ही पता चला है कि उनके नाम से भुगतान जारी हुआ है। लेकिन इस लेटर के अनुसार जो भुगतान जिसके खाते में जमा हुआ है, वह फर्म का अकाउंट नहीं है फर्म को कोई भुगतान नहीं हुआ है फिलहाल मामले की नहीं है जानकारी इस मामले में जब कार्यवाहक ईओ व तहसीलदार रणछोड़ लाल से सम्पर्क किया तो उनका कहना रहा कि फिलहाल ऐसा कोई मामला उनकी जानकारी में नहीं है वे पता करेंगे।

■ **ठेकेदार के नाम जारी भुगतान किसी ओर के खाते में हुए जमा, अधिकारी अनजान**

वृद्धाश्रमों का किया निरीक्षण

अजमेर, (कासं)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार ढ़ाबी ने अपना घर वृद्धाश्रम तथा जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अवेयरनेस मॉड्यूल फोर सीनियर सिटीजन के तहत अपना घर वृद्धाश्रम पुष्कर तथा जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम कायड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था में स्टाफ की स्थिति, वृद्धजन को दी जाने वाली सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था, कुशल परामर्शदाता, स्नानागार, पर्याप्त ओढने-बिछाने की व्यवस्था, वृद्धजन के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन की व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ कर जांच की गई। साथ ही अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत दिए जाने वाले अनुदान, आर्थिक सहायता एवं पेंशन आदि के संबंध में जानकारी दी।

स्थाई एरियर रिव्यू कमेटी की बैठक

अजमेर, (कासं)। राजस्व न्यायालयों एवं अधीनस्थ न्यायालयों में वर्षों से लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए गठित स्थाई एरियर रिव्यू कमेटी की बैठक शुक्रवार को सम्भागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

सम्भागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि राजस्व एवं अधीनस्थ न्यायालयों में राजस्व सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण समय लेने वाला है। इससे परिवादी परेशान होते है। उन्हें राहत पहुंचाने के लिए इन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें। कालावधि के अनुसार प्रकरणों को वर्गीकृत कर प्राथमिकता तय करें। पुराने प्रकरणों को पहले सुनकर निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि 20 वर्षो से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। इनमें व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करें। इस प्रकार के प्रकरणों की प्रति सप्ताह सुनवाई सुनिश्चित की जाए। प्रतिदिन कोर्ट लगाने का प्रयास करें। अधिकतम परिवाद निर्णित करने का लक्ष्य रखकर कोर्ट में बैठने से कार्य में तेजी आएगी। निर्णित प्रकरणों की आदेशिका स्वयं तैयार करें। यह अति आवश्यक है। न्यायालय के नोटिस की तामिली बढ़ाई जाए। इसके लिए अतिरिक्त संसाधन भी लगाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी नियमित राजस्व अधिकारियों की बैठक लें। इसके एजेण्डा में भू-सम्परिवर्तन, कोर्ट कैसेज तथा दस्तावेज भिजवाने को प्रमुखता दी जाए। जिला स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में निरीक्षण पर नियमित जाएं। अपने निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की भी समीक्षा करें। पुराने प्रकरणों की पत्रावलियों का अवलोकन कर देरी होने के कारण का निवारण करावें।

■ **परिवादी को राहत पहुंचाने के लिए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें**

जीप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी

मकराना, (निसं)। मकराना में एक कमांडर जीप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जीप बाइक को 20 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। वहीं एक युवक की मौत हो गई। घटना नाका बस्ती से आगे शुक्रवार सुबह 9.40 की है।जानकारी के अनुसार मकराना से मंगलाना की तरफ जा रही एक कमांडर जीप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जीप बाइक को 20 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। जिससे बाइक सवार मंगलाना निवासी राजू (23) पुत्र बिरमा भोपा, पायल (8) पुत्री विक्रम, बिरजुडी (24) पत्नी विक्रम और भेंरू (18) पुत्र दुर्गा भोपा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को आसपास के लोग एंबुलेंस से परबतसर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान राजू भोपा की मौत हो गई। वहीं तीन घायलों को गंभीर हालत में अजमेर रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद जीप चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया।पुलिस थाने के ड्यूटी ऑफिसर जगदीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों के बयान लिए। इस दौरान घायल पायल का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। बिरजुड़ी की हालत गंभीर है और वह बेहोश है। भैरू का भी एक पैर फ्रेक्चर हो गया।

बिजयनगर में झमाझम बरसात से कई जगह जल भराव हुआ

तेज बारिश ने पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोली

बिजयनगर, (निसं)। शुक्रवार शाम लगातार दूसरे दिन हुई झमाझम बरसात से नागरिकों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। गुरुवार को करीब तीन इंच से अधिक बरसात हुई, इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने राहत महसूस की।

शहर में बापू बाजार, महावीर भवन, लक्ष्मी नारायण मंदिर, कृषि मंडी चौराहा, प्राइवेट बस स्टैंड, नाडी मोहल्ला, सिंधी कॉलोनी, राज नगर, तारों का खेड़ा, सुभाष नगर सहित विभिन्न जगहों में बरसात के पानी की समुचित निकास व्यवस्था नहीं होने से शहर में कई जगह पर जल भराव होने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी। गुरुवार शाम हुई तेज बारिश ने पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी।

पालिका प्रशासन द्वारा बरसात से पूर्व शहर के निकास नालों की सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह बरसात का पानी जमा हो गया जिसके कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी। गुरुवार देर रात तेज बारिश के चलते जगह-जगह हुए जल भराव का जायजा लेने उपखंड अधिकारी मसूदा बाढ़ राहत प्रभारी दीपेंद्र सिंह शेखावत शास्त्री कॉलोनी सहित विभिन्न जगहों पर पहुंचे।

नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक रोहित कुमार, जेसीबी चालक भागचंद, जमनालाल, परमेश्वर मय टीम के साथ शास्त्री कॉलोनी, सिन्धी कॉलोनी सहित कई जगह बरसात पानी की निकासी के प्रबन्ध किये। नागरिकों ने पालिका प्रशासन से शहर के पानी के निकास नालों की सफाई करवाने, पानी के क्षतिग्रस्त निकास नालों का शीघ्र निर्माण करने की मांग की है।

■ **तेज बारिश के चलते जगह-जगह हुए जल भराव का जायजा लेने उपखंड अधिकारी मसूदा बाढ़ राहत प्रभारी दीपेंद्र सिंह शेखावत शास्त्री कॉलोनी सहित विभिन्न जगहों पर पहुंचे**

बरसात से बापू बाजार बना जलाशय।

निरीक्षण किया

पुष्कर, (निसं)। शुक्रवार को पुष्कर दौरे पर रहे पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने पुष्कर के निकट पैतृक गांव नांद पहुंचे और नांद के कॉलेज का निरीक्षण किया और आत्मीयता के साथ विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी जो भी समस्या है, राज्य सरकार से जल्द उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कॉलेज की निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया और कॉलेज के प्रिसिपल संजय जैन से कॉलेज बिल्डिंग निर्माण संबंधी प्रगति की जानकारी हासिल की। साथ ही बिल्डिंग बना रहे ठेकेदार से भी निर्माण संबंधी जानकारी ली और निर्माण में किसी प्रकार से लापरवाही नहीं बरतने में निर्देश दिए। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि गांव नांद के कॉलेज में लगातार विद्यार्थियों का ग्राफ बढ़ रहा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल विद्यार्थियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है, जो इस कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि की बात है।

इस कॉलेज में आस पास के गांवों और कस्बों के छात्र और छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कॉलेज में स्टाफ की कमी सामने आई। स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए और जल्द कॉलेज की नई बिल्डिंग बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री भजन लला शर्मा और उच्च शिक्षा मंत्री व उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा से विशेष आग्रह करेंगे।

18वां सांख्यिकी दिवस समारोह कार्यशाला आज

अजमेर, (कासं)। प्रोफेसर प्रशांतचन्द्र महालनोबिस द्वारा सांख्यिकी क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के उपलक्ष्य में उनकी जयंती पर 18वां सांख्यिकी दिवस समारोह कार्यशाला के रूप में शनिवार को सुबह 9.30 बजे से जिला कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित होटल विवान पीनेकल में आयोजित किया जाएगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राम कुमार राव ने बताया कि इस वर्ष का सांख्यिकी दिवस यूज ऑफ डाटा फॉर डिसिजन मैकिंग विषय पर आयोजित किया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं सांख्यिकी विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जाएगा। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सांख्यिकी विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

आम सूचना

मेरे पति रामदेव पुत्र माधू जाति भील निवासी चौसला की मृत्यु दिनांक 10.7.2000 को मेरे निवास स्थान चौसला में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पति रामदेव का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-मन्दरिया पत्नी रामदेव निवासी चौसला तह. अरांई (अजमेर)

NAME CHANGE

I, MANJULABEN BHAVSINH Spouse of Army No. 14865576H, Rank :-SEP (MT), Name:-VAGHELA BHAVSINH FULSINH, Residing At VILL:- CHAK-LASI, POST:-AJARPURA, TEHSIL:-NADIAD, Dist:-KHEDA, State:- GUJARAT, Pin:-388310 have change my Name from MANJULABEN BHAVSINH to VAGHELA MANJULABEN BHAVSINH vide Affidavit No.BW 247469 Dated 28/06/2024 before Court campus Nasirabad

कार्यालय ग्राम पंचायत मसूदा, पंचायत समिति मसूदा ब्यावर

क्रमांक :- ग्राप / एसबीएम / 2024 / 131

दिनांक - 28.06.2024

ई- निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मसूदा में ग्राम पंचायत एवं अधिनस्थ ग्रामों में डोर टू डोर आवासीय एवं गैर आवासीय क्षेत्र से कचरा संग्रहण नाली सफाई एवं ग्रामों के रास्ते पर सफाई मय कचरा निस्तारण कार्य के लिए दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 15.07.2024 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www. rproc. rajasthan. gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एंव वेबपोर्टल http:www. sppp. rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी । निविदाए आंमत्रित कि जाती है ।

UBN No- ZAJ2425SSOB00103

सरपंच

ग्राम पंचायत, मसूदा पं. स. मसूदा (अजमेर)